भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 06.12.2023

आरेडिका में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन।

आज दिनांक 06.12.2023 को आरेडिका रायबरेली में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रृद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ आरेडिका के महाप्रबंधक श्री पी. के. मिश्रा द्वारा माल्यार्पण एवं मोमबत्ती प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरान्त आरेडिका के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई ।

महाप्रबंधक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि, डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन विशाल एवं विराट था। बाबा साहब समाज सुधारक, जातिवाद उन्मूलक, राष्ट्र नायक थे। वे मानव के सम्पूर्ण विकास के लिए शिक्षा को बहुत महत्वपूर्ण मानते थे। उन्होंने देश का संविधान निर्मित कर लोगों को स्वतंत्रता, समानता, और बन्धुता के साथ गरिमामय जीवन का अधिकार दिलाया। आगे अपने संबोधन में उन्होने कहा कि उनके आदर्शो पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

एससीएसटी के जोनल सचिव श्री देवनाथ निर्मल, सहायक सचिव श्री सुभाष मीना और एससीएसटी के अन्य पदाधिकारियों ने डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसएमई श्री एस. एस. कलसी, सीएओ श्री संजय कटियार, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीएफए हमीम अहमद, एससी/एसटी एसोसिएसन पदाधिकारीगण सहित अन्य उच्च अधिकारीगण उपस्थिति रहे।

06/12/2023
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी